मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 69, मुंबई, शनिवार, 4 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

विधायक किरण सरनाईक का परिवार सड़क हादसे का शिकार

5 लोगों की मौत

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के अकोला जिले में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। विधान परिषद के सदस्य किरण सरनाईक के परिवार की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में विधायक किरण सरनाईक के परिवार के सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा अकोला जिले के पातुर शहर के पास हुआ है। हादसे में किरण सरनाईक के भतीजे रघुवीर सरनाईक की मौत हो हुई। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

ये लोग गंभीर रूप से हुए घायल

इस हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। इनमें पीयूष देशमुख (उम्र 11), सपना देशमुख और श्रेयस इंगले शामिल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज शुरू हो गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मदद के लिए दौड़ पड़े। हादसे की सूचना तुरंत एंबुलेंस और पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस के पहुंचने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। मरीजों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि सरनाईक ने 2020 में अमरावती विभाग के शिक्षक क्षेत्र का चुनाव लड़ा था। उन्होंने निर्दलीय जीत हासिल की थी।

शिवसेना ठाकरे गुट की नेता सुषमा अंधारे का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

पार्टी की हैं स्टार प्रचारक

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र में शुक्रवार को बड़ा हादसा सामने आया जिसमें शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की उपनेता और स्टार प्रचारक सुषमा अंधारे को लेने आया हेलिकॉप्टर शुक्रवार को महाड में क्रैश हो गया। इस हादसे में सुषमा अंधारे और पायलट सुरक्षित हैं। यह हेलीकॉप्टर तकनीकी कारणों से दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इससे पहले कि सुषमा अंधारे महाड में हेलिकॉप्टर पर चढ़तीं, वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सुषमा अंधारे लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए पूरे राज्य में घूम रही हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

तकनीकी खराबी के कारण हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि तकनीकी खराबी के कारण हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जांच के बाद हादसे का कारण सामने आएगा। शिवसेना नेता सुषमा अंधारे सुबह 9.30 बजे हेलीकॉप्टर से महाड से बारामती जा रही थीं। उसके लिए वो हेलीपैड पर आई थीं। लेकिन वो हेलीकॉप्टर पर चढ़ती इससे पहले ही यह हादसा हो गया।

निरुपम दोबारा शिवसेना में शामिल

सीएम शिंदे ने घंटों कराया इंतजार!

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। मुंबई के पूर्व सांसद ने लगभग दो दशक पहले अविभाजित शिवसेना छोड़ी थी। ठाणे में मुख्यमंत्री शिंदे ने निरुपम को पार्टी में शामिल करने के लिए दोपहर तीन बजे का टाइम दिया गया था। लेकिन सीएम एकनाथ शिंदे आनंद आश्रम में चार घंटे बाद पहुंचे. इतनी देर तक निरुपम को इंतजार करना पड़ा। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

कामयाबी...

✶ मेरठ स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल की छात्रा सामिया खान को **Run For Fun** प्रतियोगिता में मेडल रत्न और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के अध्यापकों ने सामिया खान की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

महाराष्ट्रः इनकम टैक्स का घूसघोर अधिकारी

सीबीआई ने 4 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। मुंबई में सीबीआई ने एक आयकर विभाग अधिकारी को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक संपत्ति की बिक्री पर कम टीडीएस का सर्टिफिकेट जारी करने के एवज में कथित रूप से चार लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में एक आयकर अधिकारी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आयकर अधिकारी विकास बंसल ने संपत्ति के सौदे मूल्य पर पहले दो परसेंट रिश्वत मांगी थी, लेकिन बाद में वह एक प्रतिशत पर राजी हो गये जो राशि 5.04 लाख रुपये थी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

हर राज्य में भाजपा को नुकसान!

हां, किसी भी राज्य में भाजपा की सीटें नहीं बढ़ेंगी। उसे हर राज्य में नुकसान है। इस नुकसान को प्रति राज्य दो-चार सीट का मानें या आठ-दस सीटों का, कम-ज्यादा सभी राज्यों में है। भाजपा को हर उस राज्य में नुकसान होता हुआ है, जहां 2019 में मोदी की आंधी थी। जैसा मैंने पिछले सप्ताह लिखा, मेरी कसौटी राजस्थान है। मैं वहां भाजपा को चार सीटों का नुकसान बूझ रहा हूं। और राजस्थान में इतना भी नुकसान होना उन सभी राज्यों में भाजपा के लिए खतरे की घंटी है, जहां 2019 में उसकी जीत का वोट मार्जिन कुछ सौ वोटों से 50 हजार वोटों के बीच में था। सवाल है ऐसा क्यों होना चाहिए? इसलिए कि एक तो वोटिंग कम हो रही है। दूसरे, पूरे देश में मुस्लिम वोटों सहित दलित-आदिवासी और जातीय समीकरणों में यह कंफ्यूजन नहीं है कि मोदी को हराने के लिए बसपा को वोट दें या सपा-कांग्रेस को, नीतीश को वोट दें या लालू-कांग्रेस को। न महाराष्ट्र में कंफ्यूजन है और न बंगाल-ओडिशा में। तीसरा कारण लोगों में अपनी जिंदगी की चिंता पैदा होना है। मतलब महंगाई, बेरोजगारी जैसी बातें। इन सबसे बड़ा एक फैक्टर भाजपा के सीटिंग सांसदों के खिलाफ एंटी इंकम्बैंसी वाली नाराजगी या नए नौसखिए उम्मीदवारों के प्रति बेरूखी में लोकल जातीय समीकरणों व स्थानीय मुद्दों का हावी होना है। इन सबके कारण मोदी का जादू सिर चढ़ कर बोलता हुआ नहीं है। इसलिए गुजरात, मध्य प्रदेश, छतीसगढ, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली के आठ राज्यों में 2019 की बंपर मार्जिन वाली भाजपा की 115 सीटों में रूखे-फीके चुनाव से कम ही सही लेकिन कुछ न कुछ नुकसान (जैसे राजस्थान में चार सीट, दिल्ली में एक-दो, हरियाणा में तीन-चार सीटों का) नुकसान निश्चित है। मगर इनसे अधिक उन बड़े राज्यों में भारी नुकसान है, जहां भाजपा ने 2019 में बहुत कम मार्जिन से सीटें जीती थी। दूसरे शब्दों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार, ओडिशा, बंगाल, झारखंड की 273 सीटों पर भाजपा इसलिए ज्यादा फंसी है क्योंकि इन प्रदेशों में 2019 में जीती सीटों में से बहुत सीटों पर चुनाव मात्र 181 वोटों से मतलब 0.0 प्रतिशत से दो, तीन, चार, आठ, दस प्रतिशत वोट के अंतर से जीती थी। एक उदाहरण उत्तर प्रदेश है। इस हकीकत को नोट करें। नरेंद्र मोदी की सुपर आंधी के बावजूद यूपी में भाजपा-सहयोगी की जीती 64 सीटों में से ऐसी 13 सीटें थी जो भाजपा ने 181 वोट (0.0 प्रतिशत, मछलीशहर) 4,729 वोट (0.4 प्रतिशत, मेरठ) और कई अन्य सीटें 15, 22 या 28 या 35 हजार के मार्जिन से जीती थी। इन सीटों पर तीसरा उम्मीदवार जीत के अंतर से बहुत ज्यादा वोट लिए हुए था। मतलब यूपी में करीबी मुकाबले की ये सीटें हैं। सो, पहली बात भाजपा की जीती 64 सीटों में से तेरह पर तो काँटे का मुकाबला निश्चित है। फिर इनके सहित यूपी में ऐसी कोई 27-28 सीटें हैं, जिनमें ओवरऑल भाजपा का कुछ हजार वोटों याकि 10 प्रतिशत वोट से कम अंतर पर जीतना था।

सुप्रीम कोर्ट से वकीलों का पैनल जायजा लेने पहुंचा हल्द्वानी

मुंबई हलचल/संवाददाता

हल्द्वानी। जमींयत उलेमा ए हिन्द के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौम के रहनुमा जबनाब हजरत मौलाना अरशद मदनी के हुक्म पर सुप्रीम कोर्ट से वकीलो का पैनल हल्द्वानी दंगों में हुए प्रताड़ित, आगजनी और उसके बाद शासन प्रशासन द्वारा शिकार हुए लोगों को न्याय दिलाने के लिए जायजा लेने पहुंचे। पैनल में सीनियर एडवोकेट शाहिद नदीम अंसारी, एडवोकेट मुजाहिद अहमद, लीगल एडवाइजर जमीयत उलेमा-ए-हिन्द आज हल्द्वानी पहुँचे और जमींयत हल्द्वानी के जिम्मेदारान के साथ बनभूलपुरा मामले में जो वकीलों का पैनल काम कर रहा हैं। उनसे मुलाकात कीसुप्रीम कोर्ट से वकीलों का पैनल जायजा लेने पहुंचा हल्द्वानी। सुप्रीम कोर्ट से आये वकीलों ने दंगे से प्रभावित इलाके का दौरा भी किया और पीड़ित लोगो से मुलाकात की सुप्रीम कोर्ट से वकीलों का पैनल जमीयत उलेमा हिंद, बनभूलपुरा मामले को लेकर बहुत फिक्र मंद हैं। मौलाना मुकीम कासमी जिला अध्यक्ष हल्द्वानी ने कहा इस मामले पर हर मुमकिन कोशिश की जा रही है कि बेगुनाहों को जल्द से जल्द रिहा कराया जाए। अल्लाह मजलूमों की मदद करें और उनके नुकसानात दुकान मकान जो जला दिए तोड़फोड़ दिए गये हैं वह बन जाएं और लोग अपने रोजगार से जुड़ जाएं आप भी उनकी मदद फरमाएं और उनके लिए दुआ भी करें।

अवतरण दिवस के अवसर पर बधाई

मुंबई हलचल/संवाददाता

बागली रियासत के राजा राघवेंद्र सिंह के जन्मदिवस पर नगर वासियों ने दी बधाई। देवास जिले की बागली तहसील एक ऐसा नगर है। जहां के निवासी सदभावना प्रेम से निवासरत तो हैं ही। वहीं हर सुख दुख में वहा के निवासी अपने राजा के पास के पास जाना कभी नहीं भूलते। इसके बदले में बागली राजा राघवेंद्र सिंह भी अपनी प्रजा के साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार के साथ पेश आते हैं। और वह हमेशा अपने पास अपनी जरूरत परेशानीयो को लेकर पहुंचने वालों की हर यथासंभव मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। ऐसे सह हृदय राजा के जन्म दिवस के अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर फिरोज खान, वरिष्ठ समाजसेवी महेश चंद्र सोनी, कमल बड़ोला पुरुषोत्तम सिसोदिया, रवि राजावत नूर मोहम्मद शेख साहित अनेक नगर वासियों द्वारा उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें उनके जन्मदिन के अवसर पर स्वागत कर बधाई दी गई।

शानू अब्बासी दुकानदार की हार्ट अटैक से दुखद मौत

शेरकोट। हार्ट अटैक की बढ़ती वारदात कब किसको लील जाए कुछ पता नहीं सड़क दुर्घटनाएं और हार्ट अटैक से मरने वालों की तादाद दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ रही है। शानू अब्बासी पुत्र डॉक्टर फरहतुल्लाह निवासी मोहल्ला शेखान शेरकोट आयु 35 वर्ष के अचानक रात 1:00 बजे सीने में दर्द हुआ हुआ था जिसे फौरन हाइट धामपुर डॉक्टर को दिखाए जहां ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल बढ़ा हुआ बताया गया डॉक्टर से पहले कुछ कर पाता कि अचानक सालों ने दम तोड़ दिया। शानू मिलनसार खुश मिजाज लड़का था और दोने पत्तल प्लास्टिक के सामान की दुकान बैंक ऑफ बड़ौदा के पास दुकान करता था। शानू के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे है जिनका रो रो कर बुरा हाल है दुकानदारों और मोहल्ला पड़ोस में गमगीन माहौल है। बाद नमाज जोहर शानू का आबाई कब्रिस्तान में दफिना कर दिया गया। शेख कमरुल इस्लाम पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका मेंबर बरकतुल्लाह डॉक्टर फसीउल्लाह इंतखाब आलम आफताब आलम मोहम्मद इस्माइल विपिन कुमार बेबी शीलचंद रस्तोगी अजमतउल्लाह अब्बासी शेख कासिम मलिक वरिष्ठ पत्रकार खालिद पठान अरमान सैफी मेहता वसीम सोहेल इद्रीसी हुजैफा फरीदी कृष्ण कुमार डाटा नईमुद्दीन डॉक्टर शाहनवाज आदि ने इजहार अफसोस करते हुए अल्लाह से दुआ की है कि घरवालों को सबरे जमील अता फरमाए और मरने वाले को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम दें आमीन।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

बदमाशों ने लिक्विड पिलाया, इंजेक्शन लगाया...

अकेले लड़ता रहा कांस्टेबल विशाल, 3 दिन बाद मौत

मुंबई हलचल/ संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई से बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां मुंबई पुलिस के एक जवान को कुछ अज्ञात बदमाशों ने जहरीला इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है। 30 साल के कांस्टेबल विशाल पवार ठाणे में रहते थे। कुछ दिन पहले चोरों और नशेड़ियों के एक गिरोह ने कथित तौर पर उन्हें रेलवे ट्रैक के करीब जहरीली चीज का इंजेक्शन लगा दिया था। विशाल उनके पास चुराया हुआ अपना फोन वापस लेने के लिए गए थे। लेकिन उन्होंने सामान वापस करने के बजाय विशाल को जहरीला इंजेक्शन लगा दिया। इसके बाद विशाल की तबीयत खराब हुई तो उन्हें ठाणे के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन तीन दिन बाद 1 मई को वह जिंदगी की जंग हार गए। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि यह घटना 28 अप्रैल को रात करीब 9.30 बजे हुई थी। पवार सादे कपड़ों में जब एक लोकल ट्रेन में सवार होकर ड्यूटी के लिए जा रहे थे। पवार जब लोकल ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े होकर अपने फोन पर बात



कर रहे थे तो आरोपियों ने अचानक उनके हाथ पर हमला किया। जिससे उनका मोबाइल फोन नीचे गिर गया। एक आरोपी ने फोन उठाया और पटरियों के बीच भागने लगा। हालांकि, ट्रेन धीमी होने पर पवार भी नीचे उतर गए और चोर का पीछा करने लगे। कुछ दूर जाने के बाद उन्हें नशेड़ियों के एक समूह ने घेर लिया और देखते ही देखते उनके बीच हाथापाई शुरू हो गई।

पीठ पर इंजेक्शन लगाया

इस दौरान आरोपियों में से एक ने कांस्टेबल की पीठ पर जहरीला पदार्थ इंजेक्ट कर दिया। पवार को अन्य आरोपियों ने पकड़कर उसके मुंह में लाल रंग का तरल पदार्थ भी डाला, जिससे पवार बेहोश हो गये। अधिकारी ने बताया कि उन्हें अगली सुबह होश आया और वह किसी तरह घर लौट गए। लेकिन हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उन्हें ठाणे शहर के एक अस्पताल में ले गए। कोपरी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने पवार का बयान दर्ज किया और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। बाद में मामले को दादर जीआरपी को ट्रांसफर कर दिया गया। इलाज के दौरान पवार की तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई और बुधवार को उनका निधन हो गया। जीआरपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई हैं।

मुंबई में गोंडल मेमन युथ विंग द्वारा गोंडल मेमन क्रिकेट लीग सीजन 5 का हुआ शानदार आयोजन

मुंबई हलचल/ शोएब म्यानुर

मुंबई। मुंबई के वड़ाला ईस्ट में जे के स्पोर्ट्स टर्फ कल्ब में रविवार 28 अप्रैल 2024 को गोंडल मेमन युथ विंग द्वारा गोंडल मेमन क्रिकेट लिग सीजन 5 जीसीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें अतीथी वरिष्ठ महेमान चिफ गेस्ट के तौर पर गोंडल मेमन जमात मुंबई ट्रस्ट के वाईस प्रेसिडेंट इम्तियाज कुड़िया, जनरल सेक्रेटरी सादीक कुड़िया मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार शोएब म्यानुंर, उपस्थित रहे। गोंडल मेमन क्रिकेट लिग सीजन 5 टूनार्मेंट में तकरीबन 8 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें। (1) गोंडल वॉरियर्स, (2) गोंडल मास्टर ब्लास्टर, (3) गोंडल चेलेंजर्स, (4) गोंडल वाईजर्डस (5) गोंडल फोर्स वन, (6) गोंडल मेक्स हिटर्स (7) गोंडल समशेर्स (8) गोंडल मुंबई मेमन्स।

आठों टीमों के बीच क्रिकेट मेच का शानदार मुकाबला हुआ। जिसमें क्वालीफायर 1 में दो टीमों में गोंडल समशेर्स और गोंडल मास्टर ब्लास्टर, के बीच मुकाबला हुआ जिसमें गोंडल समशेर्स की जीत हुई और फाईनल में प्रवेश किया। एलिमिनेटर गोंडल वाईजर्डस और गोंडल वॉरियर्स, के बीच मुकाबला हुआ जिसमें गोंडल वाईजर्डस की जीत हुई। क्वालीफायर 2 गोंडल वाईजर्डस और गोंडल

मास्टर ब्लास्टर, के बीच मुकाबला हुआ जिसमें गोंडल वाईजर्डस की जीत हुई। फाईनल मेच गोंडल समशेर्स और गोंडल वाईजर्डस के मुकाबला हुआ जिसमें गोंडल वाईजर्डस की जीत हुई। गोंडल समशेर्स रनर अप रहीं और गोंडल वाईजर्डस विजेता रही। पुरे सिरिज में मैन ऑफ द सिरिज और बेस्ट बेटींग असबान अब्दुल कादर गाजियानी, बेस्ट बोलर अहमद अनीस गाजियानी, फाईनल मेच में मैन ऑफ द मैच वसीम रंगुनवाला के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रोफी, बेग, और गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। तो साथ ही साथ सभी टीमों में अच्छा परफॉर्म करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देकर शानदार सम्मान किया गया। अंत में गोंडल मेमन क्रिकेट लिग सीजन 5 टूनार्मेंट के आयोजक और मेनेजमेंट गोंडल मेमन जमात मुंबई के प्रेसिडेंट अशरफ भाई बुंम्बीया, उजैर कुड़िया और अब्दुल कादर भाई गाजियानी, ने आए हुए सभी महेमानों का और स्पर्धा में भाग लेने वाली सभी टीमों का आभार व्यक्त किया। गोंडल मेमन युथ विंग की पुरी टीम और अरशद नुरसुमार और अजिम गाजियानी ने इस टूनार्मेंट को शानदार तरीके से कामयाब बनाया।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

विधायक किरण सरनाईक का परिवार सड़क हादसे का शिकार

हादसे में घायल लोगों को अकोला के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये सड़क हादसा दो कारों के बीच आमने-सामने की टक्कर के कारण हुआ है। कार में किरण सरनाईक के भाई, भतीजे, बेटी और पोती सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों का पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने इस मामले पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में पता चला कि वाशिम रोड पर दो कारों के आपस में जोरदार टकराने के बाद यह हादसा हुआ है। इस हादसे में किरण सरनाईक के भतीजे रघुवीर सरनाईक (28) की मौत हो गई है। शिवाजी अमले (उम्र 30), सिद्धार्थ यशवंत इंगले (उम्र 35) और एक नौ महीने के बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई है।

शिवसेना ठाकरे गुट की नेता सुषमा अंधारे का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

कल कोंकण में उनकी बैठक थी। इसके बाद वो आज बारामती जा रही थी। इसके लिए उन्हें लेने के लिए एक हेलीकॉप्टर महाड आया था। लेकिन वो हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। हालांकि सुषमा अंधारे के हेलीकॉप्टर में चढ़ने से पहले ही यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लेकिन सुषमा अंधारे ने कहा है कि वह खुश हैं। हादसे में पायलट सुरक्षित है। सुषमा अंधारे ने कहा कि एक दिन में दो या तीन बैठकें करनी पड़ती हैं। कोंकण में बैठक के बाद हम बारामती जाने के लिए हेलीपैड पर पहुंचे। हम कार से नीचे उतरे। उस समय हेलीकॉप्टर ने दो, तीन चक्कर लगाए और अचानक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विशाल गुप्ते और मुझे हेलीकॉप्टर से जाना था। उन्होंने बात करते हुए कहा, सभी की शुभकामनाओं और आशीर्वाद से हम सभी ठीक हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में जानी-मानी हस्ती सुषमा अंधारे एक वकील, व्याख्याता और लेखिका भी हैं।

महाराष्ट्रः इनकम टैक्स का घूसघोर अधिकारी

संपत्ति का सौदा 5.04 करोड़ रुपये में हुआ था। यह मामला मुंबई के बायकुला में एक संपत्ति की बिक्री से जुड़ा है। यह पूरी संपत्ति एक प्रवासी भारतीय की थी जो किन्हीं निजी कारणों से उसे बेचना चाहता था। उसे आयकर विभाग से उस पर कम टीडीएस के सर्टिफिकेट की जरूरत थी। इस मामले में दर्ज शिकायत के मुताबिक कम टीडीएस के सर्टिफिकेट के लिए आयकर विभाग के पोर्टल पर एक आवेदन जमा किया गया था। जानकारी के मुताबिक, इस आवेदन का आकलन अधिकारी से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद 29 अप्रैल 2024 को शिकायतकर्ता ने अपने सीए के प्रतिनिधि के साथ मुंबई में नरीमन प्वाइंट पर एअर इंडिया बिल्डिंग में आयकर कार्यालय में आकलन अधिकारी (आईटीओ) विकास बंसल से मुलाकात की थी। अधिकारियों के मुताबिक बंसल ने कथित रूप से इस सौदे की कीमत का दो प्रतिशत रिश्वत के तौर पर मांगा। काफी मोलभाव किया गया जिसके बाद एक प्रतिशत पर बात पक्की हो गयी है। तब शिकायतकर्ता ने सीबीआई से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि आरोपों के सत्यापन के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने जाल बिछाया और बंसल को कुल रिश्वत राशि में से चार लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

निरुपम दोबारा शिवसेना में शामिल

निरुपम कांग्रेस की तरफ से मुंबई की उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन महाविकास आघाडी में शामिल उद्धव ठाकरे की पार्टी ने अमोल कीर्तिकर को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसके बाद उन्होंने पार्टी विरोधी बयान देना शुरू कर दिया था। जिसके बाद कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। सीएम शिंदे कहा कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ने संजय निरुपम को दो बार राज्यसभा भेजा था। वे इस बार उत्तर पश्चिम मुंबई सीट से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन जब मैंने उनसे पार्टी के लिए काम करने का आग्रह किया तो वे इसके लिए मान गए। शिंदे गुट ने उत्तर पश्चिम सीट से उद्धव ठाकरे की सेना छोड़ कर आए रवीन्द्र वायकर को उम्मीदवार बनाया है। संजय निरुपम (शिवसेना में शामिल नेता) ने अपने अंदाज में कहा, होइहे वही जो राम रचि राखा। मैं पूरी ताकत के साथ शिवसेना में आया हूं। मेरी कोशिश लोकसभा चुनाव में महायुति के सभी उम्मीदवारों को जिताने में योगदान देने की होगी। भगवा का झंडा बुलंद करूंगा। मैं कभी कोई शिकायत का मौका नहीं दूंगा। देर आया, दुरुस्त आया हूं।

पृथ्वी से ढाई गुना बड़े 'के2 - 18 बी' ग्रह पर हो सकते हैं एलियन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

वैज्ञानिकों के खुलासे से दूसरे ग्रहों पर भी जीवन मिलने की बढ़ी उम्मीद

या ब्रह्मांड में सिर्फ पृथ्वी पर जीवन है? इस सवाल का जवाब अभी तक नहीं मिल पाया है। वर्तमान में यह जानकारी नहीं है कि पृथ्वी के बाहर कहीं जीवन है या नहीं।

वैज्ञानिकों ने संभावित रूप से रहने योग्य कई बाह्यग्रहों की खोज की है। इसके साथ ही मंगल ग्रह पर माइक्रोबियल जीवन के कुछ संकेत मिले हैं, लेकिन परग्रही जीवन का कोई निश्चित सबूत नहीं मिल सका है। हालांकि, वैज्ञानिक मानते हैं कि धरती के अलावा दूसरे ग्रहों पर भी जीवन की संभावना हो सकती है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने अब एक ऐसी खोज की है, जिससे पृथ्वी के बाहर जीवन मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

एलियन की खोज में मिल सकती है सफलता

माना जा रहा है कि अभी तक एलियन जीवन की जितनी भी खोज की गई है उनमें से यह सबसे दिलचस्प संकेत है। वैज्ञानिकों ने इसकी जांच के लिए सौर मंडल में एक दूर स्थित ग्रह की तरफ ध्यान केंद्रित कर दिया है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से यह खोज की गई है, जिसने वैज्ञानिकों में एक नया उत्साह भर दिया है। उनके अंदर उम्मीद जगी है कि उन्हें ब्रह्मांड में किसी अन्य ग्रह पर एलियन जीवन की खोज में सफलता मिल सकती है। यूएफओ शोधकर्ता ने कहा कि एलियन की खोज जितनी असंभव लगती है, उतनी नहीं है।

नई खोज से वैज्ञानिक उत्साहित

यह एक लाल बौने तारे की परिक्रमा करता है, जो हमारे सूर्य से छोटा और धुंधला है। यह ग्रह अपनी परिक्रमा 32.9 दिनों में पूरी करता है। के2- 18 बी की विशेषताओं के बारे में अभी तक सीमित जानकारी है। नासा के कहा है कि इस नई खोज ने वैज्ञानिकों को आगे के शोध के लिए प्रेरित किया है। इस खोज ने सिस्टम के बारे में हमारी समझ को ही बदल दिया है।

दुनिया के 7 सबसे सूनसान शहर जहां पसरा रहता है सन्नाटा

लंदन। दुनिया में कई शहर ऐसे हैं जो अपनी बहुत ही कम आबादी के लिए जाने जाते हैं। एक शहर तो ऐसा है जिसकी आबादी कुछ समय पहले तक केवल 30 की रह गई थी। वहीं, एक शहर है जहां देखने के नाम पर केवल सरकारी इमारतें ही हैं। जबकि शहर के बारे में सोचते ही हमारे दिमाग में लाखों की आबादी के ऊंची इमारतों वाल शहरों की छवि आ जाती है।

सबसे छोटे शहर का दर्जा मिला है 'हमनाम' को

हम नाम एक शहर के लिए जितना अनोखा है, उतना ही वो आबादी के मामले में भी चौंकाता है। 2011 तक इसकी आबादी केवल 30 लोगों के साथ दर्ज की गई थी। इस वजह से यह पृथ्वी पर सबसे छोटे शहर का दर्जा अर्जित किया था। यह न केवल छोटा है, बल्कि बहुत पुराना भी है। 1102 से पहले के दस्तावेजों का उल्लेख किया गया है। तब इसे 'हम' के बजाय 'चोलम' कहा जाता था। 1552 में, शहर को एक प्रहरीदुर्ग और घंटी मिली। अपने लंबे इतिहास के कारण शहर में आगंतुकों के लिए एक संग्रहालय है। क्रोएशिया इस जगह को दुनिया का सबसे छोटा शहर मानता है।

वेटिकन सिटी की आबादी है एक हजार

अपनी भव्य बेसिलिका के लिए प्रसिद्ध वेटिकन सिटी की आबादी लगभग एक हजार लोगों की है। ऐसा लगता है कि इसमें कई लोग रहते हैं, लेकिन दिखने में धोखा हो सकता है ।यह एक स्वतंत्र शहर-राज्य है, जिसका आकार केवल 110 एकड़ है। यह इसे न केवल सबसे छोटे शहरों में से एक बनाता है, बल्कि क्षेत्रफल और जनसंख्या दोनों के हिसाब से पूरी दुनिया में सबसे छोटा संप्रभु देश बनाता है। यह दुनिया की कुछ सबसे प्रसिद्ध कलाओं का भी घर है, इसलिए इस शहर में बहुत सारे पर्यटक आते हैं। साथ ही, छोटा होने के बावजूद, वेटिकन में खोजने के लिए बहुत सारे गुप्त स्थान हैं।

एडमस्टाउन की आबादी है 50

एडमस्टाउन के बारे में अनोखी बात यह है कि यह न केवल पिटकेर्न द्वीप समूह की राजधानी है। यह इन द्वीपों पर एकमात्र बस्ती है, और पूरी आबादी लगभग 50 लोगों की है।वहां कई द्वीप हैं, लेकिन एडमस्टाउन के बाहर अन्य सभी निर्जन हैं। एडमस्टाउन को पूरी दुनिया में दूसरे सबसे छोटे राजधानी शहर के रूप में जाना जाता है।

नगेरुलमुद में रहते में मात्र 200 लोग



पलाऊ की राजधानी नगेरुलमुद दुनिया की सबसे कम आबादी वाली राजधानियों में से एक है। इस क्षेत्र में केवल 200 लोग रहते हैं। यह हाल ही में (2006 में) राजधानी बना। यह लगभग 346 द्वीपों वाला देश है। नगेरुलमुद शहर देश के सबसे महत्वपूर्ण द्वीप पर स्थित है। फिर भी यह काफी अलग-थलग महसूस होता है।

कनाडा का सबसे छोटा शहर है ग्रीनवुड

ब्रिटिश कोलंबिया में ग्रीनवुड, एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल, ने 1897 में अपनी स्थापना के बाद से एक शहर के रूप में अपना खिताब बरकरार रखा है। यह पिछले कुछ वर्षों में इसकी आबादी में भारी गिरावट के बावजूद है। 2022 तक, ग्रीनवुड सिटी में जनसंख्या संख्या 1891 में 1,000 से कम होकर 700 के आसपास थी। यह शहर इतिहास से समृद्ध एक गंतव्य है और केवल दो खनन शहरों में से एक है जो आजकल भी मौजूद हैं।

सेंट डेविड्स है ब्रिटेन का छोटा शहर

सेंट आसफ को पछाड़कर ब्रिटेन का सबसे छोटा शहर सेंट डेविड्स है। यह छोटा शहर 6वीं शताब्दी में स्थापित एक भव्य गिरजाघर के आसपास बनाया गया है, और पूरा क्षेत्र ईसाई इतिहास में काफी समृद्ध है।वास्तव में यह वह स्थान है जहां से कहा जाता है कि सेंट पैट्रिक आयरलैंड को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने के लिए रवाना हुए थे।

एक हजार से कम घर हैं हैमिल्टन में

बरमूडा की राजधानी हैमिल्टन उत्तरी अटलांटिक में स्थित पूर्व ब्रिटिश द्वीप क्षेत्र का एक छोटा सा शहर है। यह एक हजार से भी कम लोगों का घर है, फिर भी यहां एक सुंदर और सक्रिय बंदरगाह है।

बिना सिक्युरिटी खुलेआम घूमते हैं राष्ट्रपति

सबसे छोटा देश जहां रहते हैं मात्र 35 लोग और चार कुत्ते

नई दिल्ली। हमारे देश भारत में किसी भी मंत्री का काफिला निकलता है तो उसके आगे-पीछे पुलिस एस्कॉर्ट की गाड़ी भी साथ चलती है। शहर में रास्ता क्लियर करवाती है, ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे 'देश' के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां के राष्ट्रपति बेखौफ होकर खुलेआम सड़कों पर घूमते नजर आ जाएंगे। इतना ही नहीं, अपने देश के हर नागरिक को वो पहचानते हैं और मिलना-जुलना भी होता है। यहां की कुल आबादी 39 है, जिसमें 35 लोग और 4 कुत्ते शामिल हैं। इस देश का नाम मोलोसिया है, जो एक माइक्रोनेशन है। अमेरिका के नेवाडा में स्थित इस देश के अपने अलग कानून, परंपरा, यहां तक की अलग करेंसी भी है।

राष्ट्रपति पर्यटकों को करवाते हैं सैर

पिछले 40 सालों से केविन यहां आने वाले पर्यटकों को अपने छोटे से देश की सैर करवाते हैं। ये टूर कुल 2 घंटे का होता है।घूमने आने वाले लोगों का कहना होता है कि ऐसे मिलनसार तानाशाह कम ही देखने को मिलते हैं। मोलोसिया की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक इस देश का कुल क्षेत्रफल 11.3 एकड़ है, जिसके राजधानी का नाम बॉग्सटन है। वहीं, 26 मई को नेशनल हॉली डे होता है। भले ही केविन ने मोलोसिया को स्वतंत्र देश घोषित कर रखा हो, लेकिन यह अब भी अमेरिका का हिस्सा है।

उत्तराखंड चारधाम यात्रा: षडयंत्र के शिकार हो रहे श्रद्धालु, बरतें सावधानी

हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर हो रही साइबर ठगी, 76 वेबसाइट ब्लॉक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने 14सी गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी।

- यात्रा जैसे-जैसे पास आ रही वैसे-वैसे साइबर ठग सक्रिय
- फर्जी वेबसाइट के जरिए करते थे हेली सेवा बुकिंग
- साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से कर रहे धोखाधड़ी
- चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग अधिकारिक वेबसाइट पर करें

चारधाम यात्रा जैसे-जैसे पास आ रही है, वैसे वैसे साइबर ठग भी सक्रिय होते जा रहे हैं। इस बीच प्रशासन भी मुस्तैद है। चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक करते समय देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सावधानी बरतनी होगी, वरना धोखाधड़ी हो सकती है।

एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी।

चारधाम से जुड़ी अब तक कुल 76 वेबसाइटों को ब्लॉक कर यात्रियों को ठगी से बचाया गया है। फर्जी वेबसाइट तैयार कर हेली सेवा बुकिंग के नाम पर संपूर्ण भारत में लाखों रुपए की धोखाधड़ी की जा रही है। गत वर्ष भी कई साइबर ठगी की शिकायतें आई थीं।

आईआरसीटीसी से चार धाम हेलीसेवा की बुकिंग

लोगों को आधिकारिक वेबसाइट की जानकारी नहीं थी, जबकि आईआरसीटीसी ने चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग के लिए अपनी वेबसाइट अधिकृत किया है। श्रद्धालु इस वेबसाइट के माध्यम से चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुक करा सकते हैं।

फर्जी वेबसाइट की शिकायत के लिए यह नंबर

यदि कोई भी फर्जी हेली सेवा वेबसाइट, मोबाइल नंबर, लिंक आदि की जानकारी हो तो तुरंत एसटीएफ देहरादून से साझा करें। एसटीएफ ने दो मोबाइल नंबर 9456591505 एवं 9412080875 जारी किए हैं। स्क्रीनशॉट के साथ शिकायत करें।

देश की सबसे बड़ी साइबर ठगी, चीन से निकला लिंक

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी सामने आई है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। अब तक साइबर ठगी के मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से अलग-अलग बैंकों की पासबुक और चेक बुक और सैकड़ों सिम कार्ड, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड सहित 14 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। फरीदाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली एक लड़की के साथ लगभग 7 करोड़ 59 लाख रुपए की थी। आरोपी स्टॉक मार्केट के नाम पर लालच देकर साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। लोगों को पहले स्टॉक मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने के लालच में फंसाते हैं और फिर उनसे मोटी रकम वसूल कर उन्हें ठग लेते हैं। यह लोग पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं।

उसका सभी पहलुओं पर 'सबसे संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड' रहा

वह झगड़े का बीज बोता है... भारत ने यूएन में पाकिस्तान को लगाई लताड़

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कृत्यों के खिलाफ वैश्विक समुदाय को प्रतिक्रिया देनी चाहिए | सद्भाव के सार्वभौमिक मूल्यों को कमजोर करता है पाक

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान द्वारा नयी दिल्ली के खिलाफ दिए गए बयान को विनाशकारी एवं हानिकारक बताया और उसे तीखा जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान का सभी पहलुओं पर 'सबसे संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड' रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में पाक के दूत मुनीर अकरम ने 'शांति की संस्कृति' पर महासभा में संबोधन के दौरान कश्मीर, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम और अयोध्या में राम मंदिर जैसे मामलों का जिक्र करते हुए भारत के खिलाफ लंबी टिप्पणी की थी जिस पर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। कंबोज ने कहा कि महासभा में हम आखिरी बात यह कहना चाहते हैं कि जब हम इस चुनौतीपूर्ण समय में शांति की संस्कृति विकसित करने की कोशिश करते हैं तो ऐसे समय में हमारा ध्यान रचनात्मक वार्ता पर केंद्रित रहता है इसलिए हमने उन टिप्पणियों को दरकिनार करने का विकल्प चुना जिनमें मर्यादा का अभाव है।

सदस्य देश वास्तव में शांति की संस्कृति को बढ़ावा दें

हम कूटनीति के सिद्धांतों को प्रोत्साहित करेंगे

उन्होंने कहा कि हम उस प्रतिनिधि को सम्मान और कूटनीति के उस केंद्रीय सिद्धांतों का पालन करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करेंगे जिन्हें हमेशा हमारी चर्चाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए या फिर क्या उस देश से यह अपेक्षा करना बहुत ज्यादा है जिसका स्वयं सभी पहलुओं पर सबसे संदिग्ध 'ट्रैक रिकॉर्ड' है। आतंकवाद शांति की संस्कृति और सभी धर्मों की उन मूल शिक्षाओं का प्रत्यक्ष विरोधी है, जो करुणा, समझ और सह-अस्तित्व की वकालत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह झगड़े के बीज बोता है, शत्रुता पैदा करता है और सम्मान एवं सद्भाव के उन सार्वभौमिक मूल्यों को कमजोर करता है।

भेदभाव, हिंसा पर ध्यान दें

कंबोज ने कहा कि दुनिया को भू-राजनीतिक तनाव और असमान विकास के कारण बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। धर्म या विश्वास के आधार पर बढ़ती असहिष्णुता, भेदभाव और हिंसा पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। पवित्र स्थलों पर बढ़ते हमलों के कृत्यों के खिलाफ वैश्विक समुदाय को त्वरित और एकजुट होकर प्रतिक्रिया देनी चाहिए। महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित अहिंसा का सिद्धांत शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का आधार है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

झड़ीपानी मार्ग पर दर्दनाक हादसा, वाहन में देहरादून के छात्र थे सवार, पांच की मौत-सड़क पर बिखरे शव

मसूरी। पहाड़ों की रानी मसूरी शनिवार तड़के दर्दनाक हादसे से दहल गई। यहां झड़ीपानी मार्ग पर दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की मौके पर मौत हुई और दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक घायल महिला का अभी दून हॉस्पिटल में इलाज हो रहा है। एसएसपी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। बताया गया कि दुर्घटनाग्रस्त फोर्ड कार में कुल छह लोग सवार थे। दुर्घटनाग्रस्त फोर्ड कार में चार पुरुष और दो महिलाएं सवार थे। बताया गया कि चूनाखाल झाड़ीपानी मार्ग पर शनिवार सुबह पांच बजे एक वाहन कमल कॉटेज के समीप अनियंत्रित होकर नीचे सड़क पर उल्टा होकर गिरा। अग्निशमन अधिकारी डीएस तड़ियाल ने बताया कि तीन कार सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है और तीन घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

जिनमें से दो लोगों की और मौत हो गई है। सभी कार सवार देहरादून के एक शिक्षण संस्थान के छात्र बताए जा रहे हैं। सीमांत तहसील से जुड़े निमगा गांव के पास सड़क निर्माण कार्य में लगे दो मजदूर बीती रात को संतुलन बिगड़ने से खाई में गिर गए। लोक निर्माण विभाग अस्थाई खंड चकराता द्वारा इन दिनों निमगा गांव को यातायात सुविधा से जोड़ने वाले ढ़ाई किमी लंबे संपर्क मार्ग का सड़क सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता के चलते मार्ग का कार्य शुक्रवार को बंद करा दिया था। बताया जा रहा है सड़क कार्य बंद होने से ठेकेदार के साथ काम कर रहे कुछ मजदूर रात में खाना खाकर डेरे में सोने जा रहे थे। इस दौरान शौच के लिए रात में बाहर गए दो मजदूर संतुलन बिगड़ने से पहाड़ की चोटी से नीचे खड्ड में गिर गए। एक की मौके पर मौत हुए और दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गई।

मृतक : हिमांशु पुत्र संजू, उम्र 21, निवासी इंद्रावली कल्याणपुर सहारनपुर, उत्तरप्रदेश। विकास पुत्र सतपाल, उम्र 27, निवासी इंद्रावली कल्याणपुर सहारनपुर उत्तरप्रदेश।

पुलिस चेक पोस्ट पर चढ़ी बस

वहीं रुड़की में शनिवार की सुबह हरिद्वार से राजस्थान जा रही बस का नियंत्रण बिगड़ने के कारण बस नारसन बॉर्डर पर हाईवे के बीचों-बीच बनी पुलिस चेक पोस्ट के कमरे पर चढ़ गई।

मैदान में बढ़ा तापमान तो पहाड़ चढ़े लोग

कौसानी में पर्यटकों की आमद बढ़ी, कर रहे पिंडारी ग्लेशियर का रुख

बागेश्वर। महानगरों में तापमान बढ़ने से सैलानियों का रुख अब पहाड़ की ओर है। हालांकि जंगलों के जलने की वजह से धुंध का असर है, मगर मौसम में मैदान जितनी तपिश नहीं है। इसीलिए कम तापमान वाले इलाके पर्यटकों की पसंद हैं। कौसानी में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। साहसिक यात्रा के शौकीन इससे आगे पिंडारी ग्लेशियर का रुख कर रहे हैं। पिंडारी का ट्रैक इतना बेहतर है कि इस मौसम में सबसे ज्यादा सैलानी इसी ग्लेशियर को देखने के लिए उमड़ते हैं। कपकोट से हिम श्रृंखलाओं के दीदार शुरू हो जाते हैं। कौसानी भी हिमालय दर्शन कराता है। इस समय धुंध की वजह से हिमालय के दीदार करने की तमन्ना भले अधूरी हो, मगर तापमान सुबह-शाम सुकून दे रहा है। गुजरात, महाराष्ट्र बंगाल, दिल्ली के सैलानियों की

आमद अधिक है। कौसानी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मिनी स्विटजरलैंड कहा था। बापू की प्रवास स्थली अनासक्ति आश्रम, लक्ष्मी आश्रम, पंत संग्राहलय, चाय बागान, बैजनाथ झील की यादें यहां से पर्यटक ले जाते हैं। 15 अप्रैल से ग्लेशियरों की साहसिक यात्रा शुरू हो गई है। अब तक 11 दल पिंडारी से लौट आए हैं। कौसानी, बागनाथ, बैजनाथ समेत अन्य धार्मिक स्थलों पर पर्यटक पहुंचने लगे हैं। होटल, होम स्टे संचालक, पोर्टरों के चेहरे खिल उठे हैं।

खबर संक्षेप

गोदरेज प्रॉपर्टीज के लाभ में 14 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 471.26 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 412.14 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बढ़कर 1,914.82 करोड़ रुपये हो गई।

सोने में 350 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 83,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित रही।

सूचीबद्धता नियमों का पालन नहीं करना प्रमुख वजह

अदाणी समूह की सात कंपनियों को सेबी ने भेजा कारण बताओ नोटिस

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अदाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिला है।

कंपनियों ने शेयर बाजारों को इस नोटिस के बारे में सूचना दी है। बाजार नियामक सेबी का नोटिस पाने वाली कंपनियों में अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के साथ अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अदाणी पावर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अदाणी टोटल गैस और अदाणी विल्मर शामिल हैं।

कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा

इन कंपनियों ने जनवरी-मार्च तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के अपने-अपने वित्तीय परिणामों से संबंधित टिप्पणियों में सेबी की तरफ से जारी नोटिस का खुलासा किया है। सभी कंपनियों ने कमोबेश एक ही तरह के बयानों में कहा कि लागू कानूनों और विनियमों का कोई भी गैर-अनुपालन का कोई भी ठोस मामला नहीं है और उन पर इसका कोई कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अंबुजा व एसीसी सीमेंट को नहीं मिला नोटिस

वहीं समूह की सीमेंट कंपनियों- अंबुजा सीमेंट और एसीसी ने इस संबंध में सेबी से कोई भी नोटिस न आने की बात कही है। समूह की मीडिया कंपनी एनडीटीवी ने सेबी का नोटिस मिलने के बारे में कोई बयान नहीं दिया है। अदाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को सेबी का नोटिस उस जांच का हिस्सा है, जो अमेरिकी 'शॉर्ट सेलर' और वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा जनवरी, 2023 में समूह के खिलाफ जारी रिपोर्ट के बाद शुरू हुआ था।

सेबी ने मांगा है स्पष्टीकरण

सेबी का कारण बताओ नोटिस किसी कंपनी के खिलाफ अभियोग नहीं है। दरअसल इसमें कंपनियों से संबंधित मामले में स्पष्टीकरण मांगा जाता है कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।

वित्तीय परिणामों पर असर पड़ सकता है

हालांकि, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर के अलावा बाकी चार कंपनियों के ऑडिटरों ने वित्तीय विवरणों पर एक पात्र विचार रखते हुए कहा है कि सेबी की जांच के परिणामों का भविष्य में उनके वित्तीय विवरणों पर असर पड़ सकता है।

- सूमह की दस में सात कंपनियों को नोटिस मिला
- कंपनियों ने शेयर बाजार को नोटिस की जानकारी दी
- समूह की प्रमुख कंपनियों में अदाणी एंटरप्राइजेज, ग्रीन शामिल

हेराफेरी का लग चुका है आरोप

इस रिपोर्ट में अदाणी समूह पर कंपनियों के शेयरों के भाव में हेराफेरी और कॉरपोरेट धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे। हालांकि अदाणी समूह ने हिंडनबर्ग रिसर्च के सभी आरोपों को आधारहीन और किसी भी गलत काम से इनकार किया था।

शेयरों में आई भारी गिरावट



लेकिन रिपोर्ट आने के बाद शेयर बाजार में उसकी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई और समूह के सम्मिलित बाजार मूल्य में करीब 150 अरब डॉलर की भारी गिरावट आ गई थी। हालांकि कुछ महीने बाद ही समूह की कंपनियों के शेयरों ने बाजार में वापसी करनी शुरू कर दी थी और अब तक नुकसान की काफी हद तक भरपाई हो चुकी है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

मिनटों में दूर करें थकान और तनाव

आजकल के बिजी शेड्यूल के कारण लोगों को थकान और तनाव की समस्यां होती जा रही है। इससे शरीर टूटने, सिर दर्द, कमर दर्द और अनिद्री जैसी प्रॉब्लम हो जाती है। इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए अब आपको डॉक्टर या दवाई लेने की जरुरत नहीं। बल्कि इसके लिए अब आप बॉडी मसाज का सहारा ले सकते है। बॉडी मसाज से आपको इन सब समस्याओं से तुरंत ही छुटकारा मिल जाएगा। बस आपको इसके लिए टाइम निकालने की जरुरत पड़ेगी।

1. तनाव से राहत

मसाज करने से स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल का स्तर कम हो जाता है जिससे तनाव से राहत मिलती है। मसाज करते समय प्रेशर प्वाइंट्स पर दबाव पड़ता है जिससे पाचन तंत्र मजबूत होने के साथ-साथ शरीर की कार्यक्षमता भी बड़ जाता है। और आप बेहतर महसूस करने लगते है।

2. रक्त संचार

मसाज थेरेपी शरीर पर प्राकृतिक दर्द निवारक का काम करती है, इससे मांसपेशियों को राहत मिलती है और रक्त संचार बेहतर होता है। जिससे सिर दर्द और कमर दर्द की शिकायत नहीं रहती।

3. वजन घटना

आजकल तो जिम में भी वजन कम करने के लिए बॉडी मसाज पर जोर दिया जाता है। इससे शरीर की नसा कम होती है और थकान भी दूर हो जाती है। इसके अलावा इससे शरीर लचीला बनता है और मांसपेशियों में होने वाली परेशानी भी कम हो जाती है।

4. गहरी नींद

ज्यादा काम करने के आप अच्छी नींद नहीं ले पाते जिससे आपको अनिंद्रा की प्रॉब्लम के साथ-साथ और कई तरह की समस्याएं हो जाती है। बॉडी मसाज करने से आपको नींद अच्छी आती है और आपको थकान और तनाव जैसी समस्याएं नहीं होती।

5. सूजन की समस्यां

बॉडी में सूजन की समस्यां होने पर उसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। ऐसे मसाज करने से सूजन वाले हिस्से की नसों पर दबाव बढ़ता है और सूजन कम होती है। इसके अलावा चेहरे पर मसाज करने से आपकी त्वचा साफ, शुष्क और हाइड्रेटिड होती है, जिससे आपके चेहरे की खूबसूरती और भी बड़ जाती है।

बालों से लेकर स्किन तक, भिड़ी मास्क करें इस्तेमाल

भिंडी की सब्जी खाना तो हर कोई पंसद करता है। इसमें मौजूद फाइबर, मैग्नीशियम, कैल्शियम, आयरन, पोटाशियम और विटामिन जैसे पोषक तत्व सेहत के लिए बहुत लाभदायक होते है। आपको ये जानकर हैरानी होगी कि भिंड़ी सिर्फ सेहत के लिए ही नहीं बल्कि चेहरे और बालों के लिए भी बहुत अच्छी होती है। इसमें एंटी बैक्टीरियल और औषधीय गुण होते है जो स्किन के साथ-साथ बालों की प्रॉब्लम को भी दूर करते है। आइए जानते है किस तरह भिंडी चेहरे और बालों की समस्याओं को दूर कर सकती है।

1. मुहांसो पर असरदार

धूप में ज्यादा रहने से आपकी स्किन खराब हो जाती है। धूप के कारण चेहरे पर मुंहासे, ड्राई स्किन, त्वचा संबंधी संक्रमण, एजिंग और डलनेस जैसी समस्याएं हो जाती है। इन प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए आप भिंडी का मास्क बना कर चोहरे पर लगा सकती है। इसे लगाने से त्वचा निखरी, बेदाग और खूबसूरत हो जाएगी।

2. भिंडी का मास्क

चेहरे पर से झुर्रियां हटाने के लिए भिंडी बहुत ही अच्छा मॉइस्चराइजर है। इसके लिए भिंडी को ब्लेडर में अच्छी तरह पीसकर इसका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को 15-20 मिनट चेहरे पर लगाने के बाद ठंडे पानी से मुंह धो लें। रोजाना इसको लगाने से थोड़े ही दिन में इसका असर दिखने लगेगा।

3. भिंडी की जेल

इसके एंटीबैक्टीरियल गुण स्किन के रैशेज और इंफेक्शन को खत्म कर देते है। इसके लिए भिंडी को काट कर आधे घंटे के लिए पानी में भिगो दें। इसके बाद इस लिक्विड को कॉटन के साथ चेहरे पर लगाएं और सूखने के बाद चेहरा धो लें। इससे स्किन बेदाग और निखर जाएगी।

4. चमकदार बाल

चेहरे के साथ-साथ भिंडी बालों पर भी बहुत असरदार है। स्कैलप पर भिंडी की जेल लगाने से ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है। इसके लिए भिंडी को काट कर पानी में उबाल लें। ठंडा होने पर इसमें नींबू का रस मिलाकर शैंपू के बाद इसके पानी से बालों को धोएं। हफ्ते में 3-4 बार ऐसा करने से बालों में डैडंफ की समस्यां दूर हो जाएगी और बालों की ग्रोथ भी अच्छी होगी।

5. स्कैल्प मॉइस्चराइजर

स्कैल्प मॉइस्चराइजर बनाने के लिए भिंडी को काट कर पानी में उबालें। इसे गाढ़ा चिपचिपा होने तक पकने दें। इसके बाद इसको छान कर इसमें एक चम्मच शहद और ऑयल डाल दें। ऐसा करने से यह कर्ली और उलझे हुए बालों के लिए एक बहुत अच्छा मॉइस्चराइजर बन जाएगा। इसके अलावा इससे डैडंफ की समस्यां भी दूर हो जाएगी।

गालों को बनाना है गोल-मटोल तो अपनाएं ये तरीके



चेहरे का आकर्षण होती है आंख, नाक, होंठ और गाल। अगर इन चार चीजों की सुंदरता में कमी आ जाए तो पूरे चेहरे की खूबसूरती कम लगने लगती है। बहुत सी लड़कियों की समस्या होती है पिचके गाल। गाल वहीं अच्छे लगते है जो हमारी हंसी को खूबसूरत बना दें। जब गाल अंदर को पिचक जाते है तो जबड़े की हड्डी या त्वचा उभरी हुई दिखाई देने लगती है जिससे चेहरा भद्दा सा दिखने लगता है। लड़कियां अपने गाल को गोलमटोल बनाने के लिए कई ट्रीटमेंट और तरीकों का सहारा लेती है लेकिन को फायदा नजर नहीं आता। अगर आप भी अपने गालों को गोल-मटोल बनाना चहती है तो इस तरीकों को जरूर आजमा कर देखें। शायद यह आपके काफी काम आएं।

गालों को गोल-मटोल बनाने के लिए योग

- कुर्सी या टेबल के सहारे अपनी पीठ बिल्कुल सीधा करके बैठ जाएं। अब जितना मुंह खोल सकते है खोल लें। अब अपने हाथों से दोनों गालों को पकड़कर खींचे। उद सेकेंड तक ऐसा करें। फिर पहले वाली स्थिति में वापिस आ जाएं। इस एक्सरसाइज को करने से गाल उभरने लगते है।
- एक मिनट तक मुंह को गुब्बारे की तरह ही फुलाकर रखें। दिन में 3 बार ऐसा करें। इससे कुछ ही दिनों में गाल गुब्बारे की तरह गोल-मटोल बन जाएंगे।

कुछ घरेलू उपाय

बादाम तेल

बादाम या सरसों के तेल से गालों की मसाज करें। मालिश को कम से कम 5 मिनट तक रोजाना करें। इसी के साथ धूम्रपान और शराब से परहेज करें।

मेथी

मेथी में एंटीऑक्सीडेंट और विटमिन होते हैं जो त्वचा की झुर्रियां और लटकती त्वचा से निजात दिलाते हैं और पिचके गालों का परफैक्ट शेप देते है। रात को मेथी पानी में भिगोकर रख दें और सुबह पेस्ट बनाकर गालों पर लगा लें। सूखने के बाद धो दें।

ग्लिसरीन

गुलाब जल और ग्लिसरीन को मिलाकर मिश्रण बना लें। अब इस मिश्रण से रोजाना अपने गालों की मसाज करें। इससे भी उन्हें परफैक्ट शेप मिलेगी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

आयुष शर्मा की 'रुसलान' में मिनी बंसल का दमदार अभिनय

बॉलीवुड एक्टर आयुष शर्मा की 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को पूरी दुनिया में रिलीज हो चुकी है, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी खासी कमाई कर रही है। बता दें कि रुसलान फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री मिनी बंसल भी अपनी दमदार अभिनय का परिचम लहराते हुए नजर आ रही है। मिनी बंसल ने रुसलान फिल्म में एक बहुत ही अहम किरदार निभा रही है, जो पूरे फिल्म में एक बड़ा टर्निंग प्वाइंट लाता है, और दर्शकों के दिलों पर छा जाता है। बात करें मिनी बंसल के बारे में तो वो कई बड़ी फिल्मों में इससे पहले भी अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में छा चुकी हैं, मिनी बंसल शर्मा जी की लग गई, खलीबल्ली, देहाती डिस्को, मेरी शान है वर्दी, कौन बनेगा करोड़पति प्रोमो विज्ञापन, रिलायंट एक्वा वॉटर प्यूरीफाइड विज्ञापन में नजर आ चुकी हैं। रुसलान फिल्म में अभिनेत्री मिनी बंसल का डासिंग नंबर फिल्म में एक बहुत बड़ा ट्विस्ट लाता है, क्योंकि मिनी बंसल के डांसिंग के दौरान अभिनेता आयुष शर्मा को एक कोड वर्ड मिलता है, जिसकी वजह से 'रुसलान' आतंकवादी तक पहुंचता है। जो फिल्म की कहानी का बहुत बड़ा टर्निंग प्वाइंट होता है वो कोड वर्ड। बताते चलें कि एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' का निर्देशन करण ललित बुटानी ने किया है। अभिनेत्री मिनी बंसल के अलावा सुश्री श्रेया मिश्रा, विद्या मालवडे, नवाब शाह, जगपति बाबू जैसे सितारे भी इस मूवी का हिस्सा हैं।

'सलमान खान लापरवाह हैं...'

सलमान खान के साथ काम कर चुकीं एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपने नए प्रोजेक्ट हीरामंडी को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी सिलसिले में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने सलमान खान के बारे में बात की। सोनाक्षी सिन्हा ने 2010 में सलमान खान की मूवी दबंग के साथ अपनी फिल्म की शुरूआत की थी। सोनाक्षी सिन्हा ने सलमान खान की तारीफ करते हुए बताया कि जब सलमान सेट पर आ जाते हैं तो तब तक नहीं जाते हैं जब तक उनका काम नहीं हो जाता है। वो काम को लेकर बहुत पाबंद हैं। सलमान के बारे में बात करते हुए सोनाक्षी ने कहा, वह बहुत लापरवाह हैं, लेकिन काम को लेकर पाबंद हैं।

मुंबई के लेंसमैन करन मेहता को जन्मदिन की शुभकामनाएं!

मुंबई का फैशन और लाइफस्टाइल जगत मनोरम दृश्यों को कैद करने पर निर्भर करता है, और कई शानदार अभियानों के पीछे प्रतिभाशाली फोटोग्राफर करन मेहता का हुनर है। हाल ही में करन ने अपना जन्मदिन मनाया। करन मेहता फैशन, लाइफस्टाइल और कमर्शियल फोटोग्राफी में विशेषज्ञता के साथ 7 साल का शानदार अनुभव रखते हैं। उनकी पैनी नजर और दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने की क्षमता ने उन्हें उद्योग में पहचान दिलाई है। इंदिवा पत्रिका के कवर को सुशोभित करने से लेकर सिनेमा जगत के सितारों, सिनान और तारा सुतारिया के साथ पेप्सी जैसे वैश्विक ब्रांडों के साथ सहयोग करने तक, करन मेहता के पास अपनी अनूठी और मनोरम शैली के साथ किसी ब्रांड या व्यक्तित्व के सार को कैद करने का हुनर है। मुंबई हलचल परिवार की ओर से करन को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं! आने वाले कई सालों तक उनका कैमरा हमारे जीवंत शहर में शैली और जीवन के सार को कैद करता रहे।